Publication Name: Amar Ujala

Publication Date: 14/04/2026

Edition: Delhi

Page No: 7

CCM: 50.44

National Cooperative Conference in Varanasi

वाराणसी में राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन

नई दिल्ली। सहकार से समृद्धि के विजन को आगे बढ़ाते हुए वाराणसी में 9-10 अप्रैल को राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में केंद्र, राज्यों और सहकारी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय सहकारिता सचिव डॉ. आशीष कुमार भुटानी ने कहा कि अब समय योजनाओं को जमीन पर लागू करने का है। उन्होंने सभी राज्यों से अपील की कि सहकारिता से जुड़ी योजनाओं को जिला स्तर तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पीएसीएस), भंडारण और बैंकिंग सुधारों पर तेजी से काम हो रहा है, लेकिन अभी भी कई जगह सुधार की जरूरत है। सम्मेलन में यह भी तय किया गया कि सहकारिता क्षेत्र में चल रही योजनाओं को तेजी से लागू कर ग्रामीण विकास और आर्थिक मजबूती को बढ़ावा दिया जाएगा।